



# विद्यार्थी मनमानी छोड़कर कर्त्तव्य पथ पर चलें तो नहीं होगा भटकाव

- माधव विज्ञान महाविद्यालय में
- दीक्षारंभ कार्यक्रम का समापन

**उज्जैन। शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित दीक्षारंभ कार्यक्रम का समापन मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष ओम जैन के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि निरंतरता, गंभीरता, लक्ष्य के प्रति एकाग्रता और विनम्रता विद्यार्थी जीवन के लिए अति आवश्यक है। मनमानी न करते हुए प्रासंगिक कर्तव्य करेंगे तो जीवन में भटकाव नहीं होगा।**

महाविद्यालय के पूर्व छात्र रहे श्री जैन ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव भी साझा किए और उनके साथ परिसर में पौधारोपण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. हरीश व्यास ने विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के अध्ययन के साथ ही मानवीय और संस्कारयुक्त बनने के लिए प्रेरित किया।

## विभिन्न विषयों की दी जानकारी

प्रवेश समिति संयोजक प्रो. दीपेंद्र रघुवंशी ने बताया कि इस वर्ष गत वर्ष की तुलना में बेहतर प्रवेश हुए हैं। विगत तीन दिनों में विद्यार्थियों को महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया गया। इसमें एनएसएस और एनसीसी का परिचय अधिकारी प्रो. आयुषी पालीवाल एवं प्रो. प्रमिला बघेल ने दिया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और परीक्षा प्रणाली की जानकारी प्रो. कुम्भकार ने दी। सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियों की जानकारी हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. शशि जोशी और प्रो. अजय सक्सेना द्वारा दी गई। खेलकूद की जानकारी स्पोर्ट्स अधिकारी, छात्रवृत्ति की जानकारी प्रो. जीवनसिंह सोलंकी, पर्यावरण संरक्षण, मतदाता जागरूकता व लैंगिक समानता की जानकारी प्रो. प्रदीप लाखरे तथा इको क्लब की जानकारी प्रो. मक्कड़ ने दी।

### प्रयोगशालाओं का कराया भ्रमण

आयोजन के दौरान नव प्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय के विभिन्न विभागों व प्रयोगशालाओं का भ्रमण कराकर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन नवाचार गतिविधियों से अवगत कराया गया जिनके माध्यम से विद्यार्थियों का विभिन्न पदों पर चयन होता है। इस अवसर पर स्टाफ का परिचय भी कराया गया। छात्र राज भोगे ने डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से महाविद्यालय का इतिहास प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. शशि जोशी ने किया। सरस्वती वंदना छात्र विनय शर्मा ने प्रस्तुत की और आभार प्रो. आयुषी पालीवाल ने माना।

# हरियाली से हुए खाली महाकाल वन को फिर से हराभरा बनाने की तैयारी

**सिंहस्थ-2028 से पहले एक करोड़ पौधों का लक्ष्य, उज्जैन बनेगा ग्रीन कॉरिडोर, प्रशासन से समाज तक सब एकजुट**

**उज्जैन।** महाकाल की नगरी उज्जैन में सिंहस्थ (महाकुंभ) 2028 की तैयारियां बड़े पैमाने पर चल रही हैं। उज्जैन को फिर से हराभरा बनाने की दिशा में भी ऐतिहासिक अभियान शुरू किया गया है। सिंहस्थ के पहले एक करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

नवभारत से चर्चा में उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बताया कि इसी ऐतिहासिक पहचान को पुनर्जीवित करने और सिंहस्थ-2028 को ग्रीन सिंहस्थ के रूप में स्थापित करने के लिए उज्जैन में व्यापक स्तर पर पौधारोपण और पौधारोपण अभियान चलाने की तैयारी की जा रही है। प्रशासनिक स्तर पर लक्ष्य निर्धारित किया गया है कि सिंहस्थ-2028 के पहले एक करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। इस अभियान में केवल सरकारी विभाग ही नहीं, बल्कि सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और स्वयंसेवी संस्थाएं भी सक्रिय भागीदारी निभाएंगी।



### शहर की नईसड़कों और पंचक्रोशी मार्ग पर भी पौधे

इस महाअभियान के तहत शहर की नई सड़कों, पंचक्रोशी मार्ग और लगभग 274 किलोमीटर लंबे सड़क नेटवर्क के डिवाइडर तथा सड़क किनारों पर सघन पौधारोपण किया जाएगा। पंचक्रोशी मार्ग को विशेष रूप से हरित और छायादार कॉरिडोर के रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई है, जहां लगभग 40 हजार पौधे लगाए जाएंगे। श्रद्धालुओं को गर्मी से राहत देने के लिए बरगद और पीपल जैसे छायादार वृक्ष लगाए जाएंगे। इसके अलावा शहर की सुंदरता बढ़ाने और आकर्षक वातावरण तैयार करने के लिए अमलतास, गुलमोहर, नीलमोहर और पलाश जैसे फूलदार एवं सजावटी पौधे लगाए जाएंगे। विक्रम वाटिका, विक्रम कीर्ति मंदिर, विक्रम विश्वविद्यालय परिसर, महाकाल लोक, महाकाल क्षेत्र सहित शहर के विभिन्न उद्यानों, पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जाएगा।

### एक पौधा मां के नाम

एक पौधा मां के नाम अभियान और वृक्ष मित्र जैसी संस्थाओं ने हरियाली बढ़ाने के लिए व्यापक जनजागरण शुरू कर दिया है। शहर की अनेक धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संस्थाओं के पदाधिकारी भी पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित करेंगे। सिंहस्थ-2028 को पर्यावरण अनुकूल और हरित स्वरूप देने के लिए नगर निगम और वन विभाग ने संयुक्त रूप से कार्ययोजना तैयार की है। प्रारंभिक चरण में आगामी दो वर्षों के दौरान 70 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि उज्जैन क्षेत्र में लगभग 30 लाख वृक्ष विकसित किए जाएंगे। प्रशासन का उद्देश्य है कि सिंहस्थ तक पूरे शहर और आसपास के क्षेत्रों में हरियाली का व्यापक विस्तार किया जाए।

# चंबल नदी में मिला पानी में बहे सहायक सचिव का शव

**मामला ग्राम इंगोरिया के गावड़ी लोधा में उफनते नाले से बाइक निकालने का**

**उज्जैन। इंगोरिया के ग्राम गावड़ी लोधा में गुरुवार को उफनते नाले की पुलिया से बाइक निकालते समय बहा ग्राम पंचायत सहायक सचिव का शव तीसरे दिन शनिवार सुबह चंबल नदी से मिल गया। दो दिनों से उसकी तलाश में सर्चिंग की जा रही थी।**

इंगोरिया थाना प्रभारी दीपेश व्यास ने बताया कि ग्राम गावडी लोधा सिजावदा का रहने वाला ग्राम पंचायत सहायक सचिव सूर्यप्रताप सिंह सोनगरा गुरुवार देर शाम बाइक से घर लौट रहा था। बारिश के चलते रास्ते में नाला उफान पर था। पुलिया से पानी के बीच बाइक निकालते समय तेज बहाव आया और सहायक सचिव बाइक सहित बह गया।

उसकी बाइक पर सवार युवक ने कूदकर जान बचाई और घटना की जानकारी पुलिस को दी। गुरुवार रात पुलिस ने सर्चिंग शुरू कराई, रात डेढ़ बजे के लगभग पुलिया से 200 मीटर दूर उसकी बाइक मिल गई, लेकिन सूर्यप्रताप सिंह का पता नहीं चला। शुक्रवार सुबह 6 बजे उज्जैन से एसडीआरएफ की टीम पहुंची और सर्चिंग शुरू की गई, लेकिन रात 10 बजे तक कुछ पता नहीं चल पाया। शनिवार सुबह फिर से सर्चिंग शुरू की गई थी नाले का पानी भी काम हो चुका था। इस बीच सर्चिंग के दौरान घटना स्थल से 5 किलोमीटर दूर ग्राम हरनावदा में सहायक सचिव की लाश मिल गई। बॉडी मिलने पर मर्ग कायम किया गया है पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौपा गया।

# युवक ने घर में लगाई फांसी

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर क्षेत्र में फूल प्रसाद बेचने वाली महिला दुकान पर गई हुई थी। इसी बीच पति ने घर पर फांसी लगा ली। बच्चों ने पिता को देखा तो मां को बुलाया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद शनिवार सुबह पोस्टमार्टम कराया है।

महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि नृसिंहघाट कालोनी में रहने वाले कन्हैयालाल पिता मनीराम कहार ने पत्नी की साड़ी का फंदा बनाकर घर में फांसी लगा ली थी। घटना के समय वह घर पर अकेला था। बच्चे शाम को घर पहुंचे तो उन्होंने पिता को पंखे पर लटका हुआ देखा। मां महाकाल मंदिर क्षेत्र में फूल प्रसाद की दुकान पर थी। बच्चों ने दुकान पर पहुंचकर घटना की जानकारी थी। पत्नी घर पहुंची और आसपास के लोगों को बुलाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद कन्हैयालाल की लाश को फंदे से उतर गया। बताया जा रहा है कि मृतक शराब पीने का आदी था। परिजनों ने फांसी लगाने की वजह नहीं बताई लेकिन शराब के नशे में आत्मघाती कदम उठाने की बात कही। पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है।

## एक नजर में



# डॉक्टर्स डे पर-101 चिकित्सकों का सम्मान

**उज्जैन।** नेशनल डॉक्टर्स डे के अवसर पर कालिदास अकादमी, उज्जैन में अलख उज्जैनी एवं इलेक्ट्रो होम्योपैथी काउंसिल ऑफ मध्य प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में देशभर से आए विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के 101 चिकित्सकों का सम्मान किया गया। संगठन के डॉ. ओपी वैष्णव ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष ओम जैन थे। विशिष्ट अतिथियों में उज्जैन-आलोट सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन, अलख उज्जैनी के अध्यक्ष एवं भाजपा नगर महामंत्री आनंद सिंह खींची तथा सिविल डिफेंस के डिविजनल कमांडेंट रोहितास पाठक सहित मध्यप्रदेश के 10 से अधिक इलेक्ट्रो होम्योपैथी संगठनों के प्रदेश अध्यक्ष मंचासीन रहे। गणेश वंदना एवं देशभक्ति गीत की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अतिथियों ने चिकित्सकों की सेवा भावना, समर्पण और समाज के प्रति उनके योगदान की सराहना की। सांसद अनिल फिरोजिया ने अपने संबोधन में कहा कि भविष्य में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उज्जैन को चिकित्सा क्षेत्र में एम्स जैसी बड़ी सौगात मिलने की उम्मीद है। वहीं विधायक अनिल जैन ने कोरोना महामारी के दौरान चिकित्सकों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की प्रशंसा की। रोहितास पाठक ने वर्ष 2028 के सिंहस्थ महापर्व को ध्यान में रखते हुए चिकित्सकों से सिविल डिफेंस के माध्यम से अपनी सेवाएं देने का आह्वान किया। इंदौर से आए डॉ. अजय हार्डिया ने इलेक्ट्रो होम्योपैथी से उपचार प्राप्त कर स्वस्थ हुए मरीजों के अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में जबलपुर से डॉ. आशुतोष पाठक, इंदौर से डॉ. एम. सिद्दीकी, डॉ. ममता शुक्ला, डॉ. चंद्रेश जैन सहित अनेक पदाधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्थाएं उज्जैन मैनेजमेंट टीम ने संभाली। संचालन संयोजक डॉ. अकील खान ने अपने विशिष्ट अंदाज में किया, जबकि अंत में डॉ. हटे सिंह असावद ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रदेशभर से आए 500 से अधिक चिकित्सकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह जानकारी मोहम्मद शकील अंसारी ने दी।



# मिश्रा ने किया कंट्रोल रूम का निरीक्षण

**उज्जैन।** निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने शनिवार सुबह बारिश के दौरान नगर निगम कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त द्वारा सॉफ्टवेयर के माध्यम से विभिन्न वार्डों में तैनात दरोगाओं की लाइव लोकेशन की जानकारी ली तथा उपस्थिति रजिस्टर की जांच की। निगम आयुक्त ने सभी वार्ड दरोगाओं को निर्देशित किया कि अतिवृष्टि की स्थिति में घरों में पानी भरने अथवा वार्ड में जलभराव की सूचना प्राप्त होती है, तो नगर निगम के उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए सुरक्षा मानकों का पालन कर तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जलभराव वाले क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाए तथा बारिश के दौरान उत्पन्न होने वाली आपातकालीन परिस्थितियों और नागरिक सुविधाओं एवं सुरक्षा को सुचारू बनाए रखने के लिए नगर निगम का समस्त अमला अलर्ट मोड पर रहेगा। निगम आयुक्त ने कंट्रोल रूम प्रभारी को निर्देश दिए कि शिकायत रजिस्टर की प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जाए तथा वार्डों में घरों में पानी भरने संबंधी शिकायतों की सूचना संबंधित जोनल अधिकारियों को तत्काल उपलब्ध कराई जाए। साथ ही सभी जोनल अधिकारियों एवं उपयंत्रियों को अपने-अपने जोन में अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए। शहर के जलभराव संभावित क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए तथा जल निकासी की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने ढाबा रोड से सत्यनारायण मंदिर तक प्रगति रिपोर्ट भी प्राप्त की।

### घायल बैंककर्मी ने तोड़ा दम

उज्जैन। सड़कों पर विचरण करते मवेशियों की वजह से लगातार हादसे होना सामने आ रहे हैं। पिछले चार दिनों में हुई दो घटनाओं में घायल बैंक के हेड क्लर्क की उपचार के दौरान इंदौर में मौत हो गई। दूसरे घायल का उपचार चरक अस्पताल में चल रहा है। माकड़ोन के ग्राम नांदेड़ में रहने वाला रामबाबू पिता टेकसिंह 28 साल बाइक से अपनी भाभी संजू भाई को लेने के लिए तराना स्थित तोबरी खेड़ा जा रहा था। तराना स्थित आरा मशीन के सामने बाइक के सामने गए आने पर टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तराना अस्पताल ले जाया गया जहां से हालत चोट होने पर जैन रेफर किया गया। रामबाबू का चरक अस्पताल में उपचार चल रहा है। तराना में हुई घटना से चार दिन पहले उज्जैन के महानंदा नगर में भी इसी तरह का हादसा सामने आया था। आदर्श नगर में रहने वाला तबरेज पिता इकबाल मंसूरी सुबह बाइक से आ रहा था इस दौरान सर्किट हाउस के पास बाइक के सामने गए आ गई। गंभीर रूप से घायल होने पर उसे निजी अस्पताल ले जाया गया जहां से इंदौर मुंबई अस्पताल रेफर कर दिया गया था। तबरेज भारतीय स्टेट बैंक कनसिया में हेड क्लर्क था। इंदौर में चार दिन चले उपचार के बाद उसकी मौत होने की खबर सामने आई है। शहर के मार्गों के साथ हाईवे पर आए दिन विचरण करते मवेशियों की वजह से हादसे होने की खबरें सामने आ रही है। मवेशी पलकों को प्रशासन और नगर निगम द्वारा पूर्व में हिदायत भी दी जा चुकी है बावजूद इसके मवेशी पलक सुबह से ही अपने मवेशियों को सड़कों पर खुला छोड़ देते हैं। पूर्व में भी कई दुर्घटना के मामले और कुछ लोगों की मौत होना सामने आ चुका है।

# यात्री का मोबाइल चोरी करने वाली महिला पकड़ाई

- कैमरों की मदद से जीआरपी-आरपीएफ ने पकड़ा

**उज्जैन।** दाहोद-भोपाल पैसेंजर ट्रेन में चढ़ते समय गुरुवार को महिला यात्री का मोबाइल चोरी करने वाली महिला को जीआरपी-आरपीएफ की टीम से कैमरों की मदद से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार महिला मंगलसूत्र चोरी के मामले में भी संदिग्ध होना सामने आई है।

जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि छत्तीसगढ़ के राजनंदगांव स्थित डोगरगढ़ की रहने वाली बिंदिया पति कृष्णकुमार सोनी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह दाहोद-भोपाल में सवार होने के लिये स्टेशन पहुंची थी। प्लेटफार्म पर ट्रेन में चढ़ते समय भीड़ में उसका सेमसंग कंपनी का मोबाइल अज्ञात बदमाश ने चोरी कर लिया है। मोबाइल चोरी करने वाले का पता लगाने के लिये आरपीएफ निरीक्षक नरेंद्र यादव के साथ समन्वय बनाया और सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये। इस दौरान मोबाइल चोरी करते महिला दिखाई दी। जिसकी धरपकड़ के लिये जीआरपी-आरपीएफ की टीम गठित की गई और तलाश शुरू की गई। कुछ घंटो बाद कैमरों की मदद से रेलवे स्टेशन उज्जैन के आउटर छुमछुम बाबा की दरगाह की तरफ से उक्त महिला को हिरासत में ले लिया गया। जिसके पास से चोरी किया गया मोबाइल बरामद किया गया।

### आरोपी महिला के विरुद्ध पूर्व में दर्ज है प्रकरण

गिरफ्त में आई महिला मंजू पति रामाकांत साहनी उम्र 45 साल निवासी ग्राम महेन्द्र नाथ जिला देवरिया उ.प्र. हाल मुकाम रानी सती मंन्दिर के पास प्रकाश नगर नागदा होना सामने आई। जिसके खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी के अनुसार महिला आरोपिया के खिलाफ पूर्व में चोरी का प्रकरण दर्ज होना पाया गया है। यहीं नहीं उक्त महिला मंगलसूत्र-चैन चोरी में संदिग्ध होना सामने आई है। कुछ दिनों पहले सामने आये मंगलसूत्र-चैन चोरी के मामले में प्लेटफार्म पर लगे कैमरों के फुटेज देखे जा रहे थे। लेकिन उससे पूछताछ में मंगलसूत्र-चैन चोरी का खुलासा नहीं हो पाया।

# साईंस कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के अभिमुखीकरण पर मंथन

- जिला स्तरीय आयोजन, नवीन सत्र की कार्ययोजना पर हुई चर्चा



**उज्जैन।** सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना का उज्जैन जिला स्तरीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित किया गया। इसमें जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के कार्यक्रम अधिकारियों और वरिष्ठ स्वयंसेवकों ने नवीन सत्र की गतिविधियों व कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया।

मुख्य अतिथि डॉ. प्रशांत पुराणिक ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, स्वयंसेवकों की भूमिका और समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास पर मार्गदर्शन दिया। डॉ. रमन सिंह सोलंकी ने भारतीय सांस्कृतिक विरासत, राष्ट्र निर्माण और युवा शक्ति की सामाजिक जिम्मेदारियों पर विचार रखे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. हरीश व्यास ने की। डॉ. शेखर मैदमवार ने नवीन सत्र की कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान नीतू मीणा भी उपस्थित रहीं। संचालन दुर्गाशंकर सूर्यवंशी व डॉ. नीता जाधव ने किया। आभार डॉ. प्रदीप लाखरे ने माना। इस अवसर पर डॉ. अजय शर्मा, डॉ. मोनिका, डॉ. आयुषी पालीवाल, डॉ. राजकुमार नीमा, डॉ. आरएल भामरा सहित आकाश सूर्यवंशी, रूपा सोलंकी एवं बड़ी संख्या में अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### पोल से गिरे कर्मचारी की 2 दिन बाद मौत

**उज्जैन।** बिजली के पोल पर काम करते समय कर्मचारी को करंट का झटका लग गया था और वह जमीन पर आ गिरा था। परिजनों ने उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया था जहां दो दिन बाद उसकी मौत हो गई। नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम किठोदा सांवेर का रहने वाला सुनील पिता चंपालाल सोलंकी 32 साल बिजली विभाग में ऑपरेटर था और ठेकेदारी में काम करता था। 2 दिन पहले पंथपिपलाई में संधारण कार्य के लिए साथी कर्मचारियों के साथ पहुंचा था। पोल पर चढ़कर काम करते समय अचानक रिटर्न करंट आने से उसे झटका लगा और वह जमीन पर आ गिरा। गंभीर घायल होने के साथ करंट से झुलसने पर उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया जहां दो दिन चले उपचार के बाद उसकी रात में मौत हो गई। सूचना मिलने पर मर्ग कायम किया गया है बताया जा रहा है कि बिजली कंपनी में संधारण कार्य का ठेका अंकित बैरागी नामक व्यक्ति द्वारा लिया गया था। जिसके माध्यम से संधारण कार्य किया जा रहा था। पुलिस के अनुसार मृतक का फिलहाल पोस्टमार्टम कराया गया है। जांच के बाद ठेकेदार की कार्यशैली में लापरवाही मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पल्स पोलियो अभियान का सफल आयोजन

**उज्जैन।** प्रदेश में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का सफल संचालन 28 से 30 जून तक किया गया। अभियान के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 1 करोड़ 6 लाख 51 हजार 737 बच्चों को पोलियो वैक्सीन की खुराक पिलाई गई। अभियान के सफल संचालन में प्रदेश के समस्त जिलों द्वारा उत्कृष्ट समन्वय, प्रभावी सूक्ष्म योजना, सुदृढ़ मॉनिटरिंग एवं व्यापक जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से उल्लेखनीय योगदान दिया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक पात्र बच्चे तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए बूथ स्तर से लेकर घर-घर भ्रमण तक व्यापक व्यवस्थाएं की गईं। अभियान के शुभारंभ अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न पोलियो बूथों का उद्घाटन किया गया। स्थानीय प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा समुदाय की सक्रिय सहभागिता से अभियान के क्रियान्वयन में बेहतर परिणाम प्राप्त हुए। अभियान के दौरान छूटे हुए बच्चों को भी खुराक पिलाई गई।

# स्थापना दिवस पर पौधारोपण किया गया

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड घट्टिया सेक्टर के आदर्श ग्राम उज्जैनिया में शनिवार को जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस के अवसर शासकीय हाई स्कूल प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत प्रस्फुटन नर्सरी में तैयार किया गया जामुन के पौधे का रोपण किया गया। इस अवसर पर सरपंच तेजकरण चौहान, विद्यालय की प्राचार्य अर्चना कुलमी, शासकीय डिस्पेंसरी के चिकित्सक आशुतोष पांचाल, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष सुमेर सिंह पंवार, सचिव संग्राम सिंह ,व्याख्याता महेंद्र वर्मा एवं विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

## एक नजर में

**सांसद फिरोजिया ने गृह मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री डॉ. यादव को भेजा पत्र**

# उज्जैन के देवास में आतंकी पकड़ाया, महाकाल सुरक्षा की मांग उठी

**उज्जैन।** उज्जैन संभाग के देवास जिले में जैश ए मोहम्मद से जुड़े एक संदिग्ध आतंकी की गिरफ्तारी के बाद उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर की सुरक्षा बढ़ाने की मांग उठाई गई है। उज्जैन के सांसद अनिल फिरोजिया ने इसे लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को शुक्रवार को ही पत्र लिखा है।

उन्होंने कहा कि देवास जिला उज्जैन संभाग में ही आता है और यहां से कोई दूर नहीं है। ऐसे में देवास में आतंकी गतिविधि में लोग सक्रिय पाए गए है। जिससे उज्जैन के महाकाल मंदिर में भी सुरक्षा के इंतजाम और बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। यहां केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ की तैनाती की मांग पूर्व में भी उठ चुकी है। सांसद फिरोजिया ने कहा कि महाकाल मंदिर में देशभर से लाखों लोग दर्शन के लिए प्रतिदिन उमड़ते हैं। भीड़ के बीच कोई संदिग्ध व्यक्ति भी प्रवेश कर सकता है।

। वर्ष 2028 में सिंहस्थ महापर्व को भी ध्यान में रखते हुए भी शासन-प्रशासन को इस पर निर्णय लेना चाहिए। लगभग तीन महीने पहले भी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को वे इस आशय का पत्र लिख चुके हैं।

**मंदिर में गार्ड, पुलिस व कर्मचारी संभालते हैं सुरक्षा की कमान**-मंदिर में वर्तमान में निजी सुरक्षा एजेंसी के गार्ड, पुलिस के जवान और मंदिर समिति के कर्मचारी सुरक्षा की कमान मुख्य रूप से संभालते हैं। प्रशासन व समिति के अधिकारी इन्हें समय-समय पर निर्देश देते रहते हैं। सुरक्षा बल के पुलिस जवान भी मंदिर में तैनात है। त्योहारों पर भीड़ नियंत्रण के लिए अतिरिक्त पुलिस जवान तैनात किए जाते है।

### बद्री नारायण मंदिर में लगा छप्पन भोग

**उज्जैन।** शहर के पानदरीबा चौराहा स्थित नौ नारायणों में प्रथम श्री बद्री नारायण मंदिर के नवनिर्मित शिखर पर विधि-विधान से कलश स्थापना और ध्वजारोहण संपन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर भगवान को अन्नकूट (छप्पन भोग) अर्पित किया गया, जिसके दर्शन और प्रसादी के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर के पुजारी पं. शिवनारायण पाठक ने बताया कि शिखर के नवीनीकरण का कार्य स्वर्गीय बलराम जमाना बाई पाठक के सान्निध्य में शुरू हुआ था, जो पूर्ण हो चुका है। इसी उपलक्ष्य में शिखर पर कलश स्थापित कर धर्म ध्वजा फहराई गई। आयोजन के तहत शाम 6 बजे से देर रात तक महाप्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें शहर के धर्मप्रेमियों ने उत्साह के साथ प्रसादी ग्रहण की। आयोजन को भव्य और सफल बनाने में शहर के पार्षदों और श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा। श्री बद्री नारायण पुजारी परिवार और पं. शिवनारायण पाठक ने मंदिर शिखर पर कलश स्थापना, अन्नकूट और महाप्रसाद वितरण में सहयोग करने वाले सभी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सहयोगियों व नागरिकों का आभार व्यक्त किया है।

# महिला ने खाया जहर अस्पताल में मौत

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम झिरनिया में रहने वाली पेपाबाई पति गणेश लाल प्रजापत 42 साल ने जहर खा लिया था। परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान रात में संगीता की मौत हो गई शनिवार सुबह पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों ने संगीता द्वारा उठाए गए कदम के बारे में कुछ स्पष्ट नहीं किया पुलिस का कहना था कि ससुराल और मायके पक्ष के बयान दर्ज किए जाएंगे।